एक नजर में

इशाक बने कौमी तंजीम के गुना जिला अध्यक्ष

मधुसूदनगढ़। ऑल इंडिया कौमी तंजीम के प्रदेश अध्यक्ष मुनव्वर कौसर ने राघोगढ़ नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष और समाजसेवी इशाक अहमद खान को गुना जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जिले में खुशी का माहौल है। इष्ट-मित्रों, राजनेताओं और समर्थकों ने उन्हें बधाइयाँ दीं और प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में एडवोकेट असलम कुरैशी, पार्षद दूल्हा शाह, शराफत खान, युसूफ खान, नाजिम शाह, उस्मान खान, रुस्तम खान, बंटी खान, मजीद खान, आसिम खान सहित कई लोगों ने शुभकामनाएँ दीं।

कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने उड़ाया हजारों का सामान

गुना। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की रात एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई। शहर के भीड़भाड़ वाले मटकरी कॉलोनी इलाके में गणेश टॉकीज के पास स्थित मावले इंजीनियरिंग वर्क्स की दुकान को चोरों ने निशाना बनाकर करीब 20 से 25 हजार रुपये का सामान चुरा लिया। जानकारी के अनुसार चोर बीकानेर मिष्ठान भंडार और पवन श्री मांगलिक भवन के बीच स्थित खाली मैदान के रास्ते दुकान के पीछे पहुंचे। उन्होंने पहले पीछे लगे सीसीटीवी कैमरे को तोडक़र निष्क्रिय किया। इसके बाद शटर पर लगा लोहे का कवर उखाडक़र ऊपरी खिडक़ी से दुकान के अंदर घुस गए। दुकान मालिक को रात करीब 10-11 बजे शक हुआ। उन्होंने मोबाइल पर सीसीटीवी कैमरे देखे तो कैमरे एक-एक कर बंद होते दिखाई दिए। स्थिति संदिग्ध लगने पर वह तुरंत दुकान पहुंचे। जैसे ही उन्होंने शटर का ताला खोला, अंदर से खटपट की आवाज सुनाई दी और चोर पीछे के रास्ते से भाग निकले। चोर दुकान से नकदी, औजार और कुछ स्पेयर पार्ट्स ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही सुबह दुकान मालिक ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्रों में सुराग जुटाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

कलेक्टर ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

गुना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा सर्वप्रथम सीसीटीव्ही कैमरे का मॉनिटर रूम देखा। सभी कैमरे चालू पाए गए। उन्होंने ईव्हीएम वेयर हाउस के कक्ष क्रमांक 1 एवं 2 में ईव्हीएम वेयर हाउस के कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने तालों एवं फायर सिस्टम का अवलोकन किया। सभी व्यवस्थाएं यथा उचित पाई गई। निरीक्षण के दौरान इलेक्शन सुपरवाइजर विजय

फतेहगढ़-बमोरी क्षेत्र में बिजली कटौती से परेशान किसानों ने लगाया जाम, एक किसान की हालत बिगड़ी

खेत सूखने का मंडरा रहा खतरा, स्टेट हाईवे पर 4 घंटे तक ठप रहा आवागमन

नवभारत न्यूज

गुना/फतेहगढ़। जिले के बमोरी और फतेहगढ़ क्षेत्र में लगातार जारी बिजली कटौती ने किसानों का सब्र तोड़ दिया। रबी सीजन के बीच सिंचाई न हो पाने से फसलों के सूखने की स्थिति बनने लगी है। इसी गहरी चिंता और गुस्से के बीच शुक्रवार को किसानों ने स्टेट हाइवे क्रमांक 23 पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। यह आंदोलन करीब चार घंटे तक चला, जिससे पूरे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जनजीवन प्रभावित हो गया। फतेहगढ़ स्टेशन से जुड़े 10 से अधिक गांवों में पिछले एक सप्ताह से रोजाना घंटों की बिजली कटौती हो रही है। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी डालने का समय बीत रहा है, मोटरें बंद पड़ी हैं और फसल सूखने लगी है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग पूरा बिल समय पर लेता है, लेकिन सप्लाई बहाल करने की जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रहा है। मेंटेनेंस और ओवरलोडिंग का हवाला देकर विभाग लगातार पल्ला झाड़ रहा है।

आक्रोशित किसानों ने सुबह फतेहगढ़ चौराहे पर इकट्ठे होकर स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। विरोध के दौरान एक किसान गुस्से में सडक़ पर लेट गया और विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी होती रही। पुलिस ने कई बार किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। धरने के दौरान एक प्रदर्शनकारी किसान की अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथियों ने उसे तत्काल सडक़ के किनारे ले जाकर प्राथमिक सहायता दी। इसके बावजूद आंदोलन थमा नहीं और किसान अपनी मांगों पर डटे रहे। लगातार बढ़ते दबाव के बाद अंतत: बिजली विभाग के जेई को मौके पर पहुंचना पड़ा। किसानों ने उन्हें कटौती का कारण बताने और तत्काल सप्लाई बहाल करने की मांग की। मौके पर ही कृषि फीडर से बिजली चालू कराई गई, जिसके बाद किसानों ने जाम खत्म करने की घोषणा की। किसानों ने साफ कहा कि यदि आने वाले दिनों में बिजली सप्लाई दुरुस्त नहीं हुई तो इससे बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खेतों में लगातार खराब हो रही स्थिति को देखते हुए तुरंत स्थायी समाधान जरूरी है। उल्लेखनीय है कि फतेहगढ़-बमोरी क्षेत्र में बिजली कटौती ने जहां कृषि कार्यों को बुरी तरह प्रभावित किया है, वहीं शुक्रवार का यह चार घंटे का हाईवे जाम कृषि संकट की गंभीरता को स्पष्ट रूप से दिखाता है।

इनका कहना है

- ओवरलोडिंग समस्या के कारण समस्या आ रही है जिस पर लगातार काम जारी है। किसान फिलहाल जिस इलाके की मांग कर रहे हैं उस की बिजली जुड़वाई जा रही है। बिजली गांव तक पहुंचने की मांग पर धरना खत्म करने की बात कही है जिस पर मेरे द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया है।-

पीयूष कुमार, जेई बिजली विभाग

नपाध्यक्ष ने संत रितेश्वर से लिया आशीर्वाद, सेवा और संस्कार का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

गुना। श्री आनंदम धाम ट्रस्ट वृंदावन के संस्थापक और प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु संत रितेश्वर के गुना आगमन पर बीती शाम सर्किट हाउस में आस्था और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता संत रितेश्वर के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने संत का चरण स्पर्श कर नमन किया और नगर के विकास तथा जनसेवा के कार्यों के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संत रितेश्वर के आगमन के दौरान जिले का प्रशासनिक व राजनीतिक नेतृत्व भी सर्किट हाउस में मौजूद रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, कलेक्टर किशोर कन्याल और पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी सहित अन्य अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे और संत से आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के बाद नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि संत रितेश्वर द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संदेश— सेवा, संस्कार और समर्पण— समाजहित और लोककल्याण की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संत की कृपा और मार्गदर्शन से नगर में बेहतर कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। संत की वाणी ने सभी को अपनत्व, शांति और जनसेवा की भावना से कार्य करने का संदेश दिया।

कॉलेज में छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

गुना। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों और समस्त महाविद्यालय परिवार को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और परिसर को पूर्णत: तंबाकू मुक्त बनाने के संकल्प को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनीता जैन द्वारा तंबाकू निषेध शपथ दिलाकर की गई। छात्राओं एवं स्टाफ को तंबाकू उत्पादों का उपयोग न करने और दूसरों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, श्वास संबंधी बीमारियां एवं अन्य स्वास्थ्य हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने तंबाकू निषेध पर आकर्षक और प्रभावी नारे प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता ने छात्राओं में रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता दोनों को प्रोत्साहित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम पारीक ने कहा कि महाविद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता अभियान युवाओं को नशामुक्त और स्वस्थ भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में छात्राएं पायल कश्यप, कर्णिका लोधी, मोनिका यादव, साक्षी कुशवाह, दीपिका वर्मा, योगिता रावत, संजना, पूनम कुशवाह, रचना बारेला, मुस्कान प्रजापति, ज्योति कुशवाह सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय कर्मचारियों में डॉ. प्रीति यादव, श्रीमती आशा बॉथम, दिवाकर तिवारी, प्रशांत आर्य, कीर्ति सोनी, जावेद अली, अशोक कुमार और मिथुन धाकड़ ने भी सहभागिता दर्ज की।

हम्माल-तुलावटी संघ ने मजदूरी दर वृद्धि और छह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

गुना। कृषि उपज मंडी गुना के हम्मालों और तुलावटियों ने शुक्रवार को श्रमिक हित, मंडी हित और राष्ट्रहित के मुद्दों को लेकर कृषि उपज मंडी हम्माल-तुलावटी संघ के बैनर तले रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को छह सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव और मंत्री रामबाबू कुशवाह के नेतृत्व में निकली रैली में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। ज्ञापन में संघ ने बताया कि मार्च 2023 के बाद से हम्माल-तुलावटियों की मजदूरी दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई, जबकि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण श्रमिकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। संघ ने मजदूरी दर वृद्धि शीघ्र लागू करने की मांग की।

दूसरी प्रमुख मांग राज्य कृषि विपणन बोर्ड के उस आदेश के पालन से जुड़ी है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय आदर्श श्रम मानकों के अनुसार हम्मालों से 50 किलोग्राम से अधिक वजन न उठवाने के निर्देश दिए गए थे। संघ ने कहा कि निर्धारित मानक का पालन न होने से अधिकांश हम्माल गर्दन और कमर दर्द जैसी गंभीर समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। संघ ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर लगाने की मांग भी रखी, क्योंकि अधिकतर हम्माल संक्रमण और अन्य शारीरिक बीमारियों से जूझते रहते हैं। इसके अलावा दुर्घटना एवं सामान्य जीवन बीमा को अनिवार्य किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई, ताकि किसी भी आकस्मिक घटना में श्रमिकों के परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। वहीं मंडी में हम्माल-तुलावटियों के कार्य समय को रात्रि 10 बजे तक निर्धारित करने की मांग की गई। सबसे गंभीर मुद्दा मंडी सचिव द्वारा बनाए गए सात नए तुलावटियों को लेकर उठाया गया। संघ ने आरोप लगाया कि यह नियुक्तियां मंडी नियमों और अधिनियमों की अनदेखी करते हुए की गई हैं, जिससे पुराने हम्माल-तुलावटियों को आर्थिक हानि हो रही है। संघ ने नवीन ड्यूटियां बंद कराने और बाहरी लोगों को जारी किए गए लाइसेंस निरस्त करने की मांग की। रैली शांतिपूर्वक कलेक्टोरेट पहुंची, जहां अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

इनका कहना है

- मंडी में पूरी तरह नियमानुसार ही तुलावटियों की नियुक्ति हुई है। इनके परिजनों की जगह उनके बच्चों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पूरी आर्हताओं के साथ किए गए थे। कोई भी ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। जिस पर मंडी प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई करता है।

श्याम मीना, मंडी सचिव गुना

फतेहगढ़ में अर्धवार्षिक उत्तर पुस्तिका का अवलोकन संपन्न

नवभारत न्यूज

फतेहगढ़। वरिष्ठ कार्यालय संचालक लोक शिक्षण के निर्देशानुसार शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्तर पुस्तिका अवलोकन दिवस का सफल आयोजन किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएँ त्रुटियों सहित उपलब्ध कराईं तथा दोपहर 12 से 3 बजे तक कक्षा-वार परिणाम और सुधार योग्य बिंदुओं की जानकारी दी। विद्यालय का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम त्रैमासिक परीक्षा की तुलना में लगभग दोगुना बेहतर रहा, जिससे अभिभावक उत्साहित होकर बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। प्राचार्य भगवत प्रसाद ओझा ने विद्यालय की उपलब्धियों व आगामी योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम पश्चात समीक्षा बैठक में कक्षा 10वीं व 12वीं के लिए विशेष रणनीति तय की गई।

आंकखेड़ी में उत्साहपूर्ण बाल मेला, बच्चों ने सीखी बाजार की समझ

कुंभराज। चांचौड़ा विकासखंड के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय आंकखेड़ी में बाल मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। मेले का शुभारंभ अतिथि शिक्षक योगेश मीणा ने फीता काटकर किया। बच्चों ने व्यापारी बनकर अपनी-अपनी दुकानें सजाईं, वहीं पालकों और ग्रामीणों ने खरीदार की भूमिका निभाते हुए खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाध्यापक कृष्ण गोपाल टेलर ने बताया कि यह आयोजन बच्चों में बाजार की समझ विकसित करने और मनोरंजन के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुआ मातृशक्ति संगम

नवभारत न्यूज

आरोन। सरस्वती शिशु मंदिर अजरोड़ा में मातृशक्ति संगम कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में फतेहगढ़ निवासी एवं भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश सदस्या श्रीमती शारदा पराशर ने कुटुंब प्रबोधन, मातृशक्ति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और च्चलो सखी बनाए अपना घरज् जैसे विषयों पर विस्तृत संवाद किया। जिला सह संयोजिका एवं आचार्या श्रीमती सुनीता बिरंजे ने मातृशक्ति कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य समझाए तथा प्रश्न मंच का संचालन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रामप्यारी राजपूत ने की।

मंच संचालन बहन दिशा नागर और पलक मीना ने किया, जबकि अतिथि परिचय हिमांशी शर्मा और स्वागत राशि व हिमांशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बहनों द्वारा मातृशक्ति विषयक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें झांसी की रानी, जीजाबाई, अहिल्याबाई होलकर और नवदुर्गा आदि के स्वरूप प्रदर्शित किए गए। अतिथि के रूप में श्री लोकेश योगी, श्री गजेंद्र ओझा, स्कूल प्राचार्य एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में कुल 158 मातृशक्ति बहनों ने सहभागिता कर शपथ ग्रहण किया।

अजरोड़ा में 158 माताओं ने लिया जागरुकता का संकल्प

बैठक राष्ट्रपति सम्मान के बाद नपा में उत्साह : जल सरंक्षण में नंबर-1

टेकरी सरकार की कृपा और टीम वर्क को बताया सफलता का आधार

नवभारत न्यूज

गुना। नगर पालिका गुना को अभी हाल ही में देश के राष्ट्रपति द्वारा जल संचय में देश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिले भर में हर्ष व्याप्त है। इसी को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूषा खत्री द्वारा नगर पालिका सभा कक्ष गुना में धन्यवाद एवं आभार सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका गुना के सभी पार्षद एवं नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता एवं सीएमओ गुना का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

बैठक में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सभी सहयोगियों, शहरवासियों और प्रशासनिक टीम का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे गुना नगर और सभी श्रमिकों, इंजीनियरों, अधिकारियों तथा पार्षद भाइयों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

नपाध्यक्ष ने कहा कि नगरपालिका पर टेकरी सरकार की विशेष कृपा रही है। इसी आशीर्वाद, टीमवर्क और सभी की निष्ठा से आज गुना ने ऐसा इतिहास रचा है, जो अब तक कभी नहीं हुआ। महामहिम राष्ट्रपति के हाथों मिला राष्ट्रीय सम्मान पूरे नगर का सम्मान है। उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण पर नपा द्वारा किए गए काम ने पूरे देश में गुना का नाम उज्ज्वल किया है। उल्लेखनीय है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के जियो-टैग्ड रिकॉर्ड अपलोड कर गुना ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। नपाध्यक्ष सविता गुप्ता और प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह सम्मान ग्रहण किया। गुना नगरपालिका को इसके लिए 40 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। बैठक में नपाध्यक्ष ने कहा कि शहर में जल संरक्षण को लेकर दो वर्षों में व्यापक अभियान चलाया गया। स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, निजी कॉलोनियों और सरकारी संस्थानों में रिकॉर्ड संख्या में जल संरचनाओं को सुधारकर सक्रिय किया गया। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कनेक्शन करवाएं। उन्होंने कहा कि जो पार्षद इस कार्य में अधिक लोगों को जोड़ेंगे, उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में मौजूद सभी पार्षदों और नपा कर्मचारियों ने गुना को शीर्ष स्थान दिलाने में योगदान देने पर गर्व व्यक्त किया और आगे भी जल संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा इस सफलता पर उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों व एनजीओ की टीम के सदस्यों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने भी इस इतिहासिक उपलब्धि पर नप अध्यक्ष सविता गुप्ता एवं सीएमओ सहित समस्त नगर पालिका टीम का आभार एवं बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर नप के पार्षद गण एवं अधिकारी कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्री चित्रगुप्त मंदिर न्यास द्वारा अंकुर श्रीवास्तव का सम्मान

गुना। श्री चित्रगुप्त मंदिर न्यास द्वारा श्री अंकुर श्रीवास्तव का सम्मान

गुना। भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर जाटपुरा गुना में आज एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्री चित्रगुप्त मंदिर न्यास द्वारा श्री अंकुर श्रीवास्तव को भारतीय जनता पार्टी में जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यास के वरिष्ठजनों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा श्री अंकुर श्रीवास्तव को हार, पुष्प गुच्छ एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की भगवान श्री चित्रगुप्त जी से मंगलकामना की गई। सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से जगदीश श्रीवास्तव, वीरेंद्र निगम, जगदीश श्रीवास्तव, राजेंद्र मोहन श्रीवास्तव, रमाकांत श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

//सार्वजनिक सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार INDUSIND BANK L.T.D GUNA द्वारा, योगेश सक्सेना के हितमें ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया भूखण्ड क्र. 37, सर्वे नं 90/17(एस), क्षैत्रफल 600 वर्गफीट वार्ड न. 07 ईदगह वाडी क्षेत्र गुना जिला गुना में स्थित है।, जो पूर्व में श्रीमति शारदा राठौर पत्नि बाबूलाल जी राठौर द्वारा क्रय किया गया था, जिसके बाद उक्त भूखंड सरफेसी एक्ट के माध्यम से मोतीलाल ऑस्वाल होम फाइ. लि. द्वारा आधिपत्य प्राप्त कर निलामी/ विक्रय करने का अधिकार प्राप्त हुआ था, जो वर्ष 2023 मोतीलाल ऑस्वाल होम फाइ. लि. के और से गौरव सरैया के माध्यम से विक्रय पत्र कराया गया जो क्रेता भूपेश जाट पुत्र श्रीराम सिंह जाट द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता. क्र.MP13342023A11711950 दिनांक 12/04/2023 से भूपेश जाट पुत्र श्रीराम सिंह जाट को प्राप्त हुई थी जिसके पश्चात भूपेश जाट पुत्र श्रीराम सिंह जाट ने श्रीमति शैलेश सक्सेना पत्नि वीरेन्द्र सक्सेना और योगेश सक्सेना पुत्र वीरेन्द्र सक्सेना को विक्रय पत्र कराया गया जिसका दस्ता.क्र MP24IGRI17362025A100045640 दिनांक 23/01/2025 है। उक्त भूमि पर योगेश सक्सेना के माध्यम से ऋण प्राप्त किया जा रहा है , यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझसे सम्पर्क करे। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचनाकर्ता:
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155